[This question paper contains 9 printed pages.]

**7752** *Your Roll No.* ............

*आपका अनुक्रमांक* __________

**B.Ed.** **IS**

Paper II

EDUCATIONAL PSYCHOLOGY

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 75*

*समय : 3 घण्टे* *पूर्णांक : 75*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)*

*Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

*टिप्पणी :– इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Attempt* **All** *questions.*

सभी प्रश्न कीजिये।

P.T.O.

1. (a) The development of 'moral judgement' and the 'ethic of care' are equally important in conceptualizing morality in the Indian socio-cultural context. Present your views on this statement, drawing from the theories that you have studied.

(b) Discuss the implications of the above for moral development in schools. (10+5)

**OR**

'Adolescence Education' in schools draws its significance from the physical, socio-emotional, cognitive and moral characteristics of adolescents. Discuss your understanding of this based on the theories of development which you have studied. (15)

(क) भारतीय समाज-सांस्कृतिक संदर्भ में नैतिकता के संप्रत्ययीकरण में 'नैतिक निर्णय' और 'सरोकार की आचार-नीति' समान रूप से महत्त्वपूर्ण है। इस कथन पर अपने द्वारा पठित सिद्धांतों से निष्कर्ष प्राप्त करते हुए इस कथन पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

(ख) उपर्युक्त का विद्यालयों में नैतिक विकास के लिए निहितार्थों का विवेचन कीजिए।

**अथवा**

विद्यालयों में 'किशोर-शिक्षा' किशोरों के शारीरिक, समाज-सांवेगिक, संज्ञानात्मक और नैतिक अभिलक्षणों से अपनी अर्थवत्ता प्राप्त करती है। अपने द्वारा पठित विकास-सिद्धांतों के आधार पर उपर्युक्त के प्रति अपने बोध का विवेचन कीजिए।

2. For Vygotsky, the larger socio-cultural context shapes the course of cognitive development in a child. With the help of suitable examples, discuss the educational implications emerging from this perspective. (15)

**OR**

In a Piagetian classroom, children are encouraged to enquire, explore and construct knowledge from their play and practical activities. Discuss the implications of this for organizing school practices that promote and support children's thinking and learning. (15)

वाइगॉत्सकी की दृष्टि में, बृहद समाज-सांस्कृतिक संदर्भ बच्चे में संज्ञानात्मक विकास के अनुक्रम को आकार प्रदान करता है। इस परिप्रेक्ष्य से निःसृत शैक्षिक निहितार्थों का उपयुक्त उदाहरण देते हुए विवेचन कीजिए।

**अथवा**

पियाजे उपागम आधारित कक्षा में बच्चों को अपनी क्रीड़ा और प्रयोगात्मक क्रियाकलापों से ज्ञान की खोज, छान-बीन और निर्माण करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। बच्चों के चिंतन और अधिगम को संवर्धित और पोषित करने वाले विद्यालयी क्रियाकलापों के आयोजन में उपर्युक्त के निहितार्थों का विवेचन कीजिए।

3. In the Information Processing Approach, what are the major steps through which learning takes place? Briefly highlight their underlying assumptions. Elaborate on how a teacher can meaningfully integrate this approach with other teaching-learning practices. (15)

**OR**

(a) Briefly summarize Bandura's position as a social learning theorist.

(b) Television is frequently criticised for the high incidence of violence and aggression which it promotes among school children. Based on your understanding of Bandura, explain how teachers can use modelling for modifying children's behaviour and for promoting more effective learning in the classroom. (7+8)

सूचना संसाधन उपागम में, अधिगम किन प्रमुख चरणों से गुजरता है ? उनकी अंतर्निहित अभिधारणाओं पर संक्षेप में प्रकाश डालिए। सविस्तार स्पष्ट कीजिए कि शिक्षक किस प्रकार इस उपागम का अन्य शिक्षण-अधिगम रीतियों के साथ समाकलन कर सकता है।

अथवा

(क) सामाजिक अधिगम सिद्धांतकार के रूप में बंडुरा की अवस्थिति को संक्षेप में स्पष्ट कीजिए।

(ख) टेलिविज़न की विद्यालयी बच्चों में हिंसा और आक्रामकता के अनेक प्रसंगों के संवर्धन के लिए बहुधा आलोचना की जाती है। बंडुरा के संबंध में अपने बोध के आधार पर, स्पष्ट कीजिए कि शिक्षण किस प्रकार बच्चों के व्यवहार को रूपांतरित करने और कक्षा में अधिक प्रभावकारी अधिगम को संवर्धित करने के लिए प्रतिरूपण का उपयोग कर सकते हैं।

4. Based on your experiences gained during practice teaching in school, explain how and why individual differences occur, and their implications for classroom management in any three of the following areas :

(a) Self concept

(b) Intelligence

(c) Creativity

(d) Coping Abilities

(e) Motivation (5+5+5)

**OR**

From segregation to integration to inclusion, the strategies for the education of children with special needs have undergone considerable change. Why do you think this was necessary ? Also, how do you see inclusion as a more appropriate approach to dealing with most children in regular classrooms. Support your views with suitable examples. (15)

विद्यालय में अपने शिक्षणाभ्यास के दौरान प्राप्त अनुभवों के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि वैयक्तिक भिन्नताएँ किस प्रकार और क्यों होती हैं और निम्नलिखित क्षेत्रों में से किन्हीं तीन के बारे में कक्षा-प्रबंध में उनके निहितार्थों पर भी प्रकाश डालिए :

(क) आत्मा-धारणा

(ख) बुद्धि

(ग) सर्जनात्मकता

(घ) समंजन योग्यताएँ

(ङ) अभिप्रेरण

अथवा


पृथक्करण से समाकलन; समाकलन से समावेशन तक पहुँचते हुए, विशेष बच्चों की शिक्षा के प्रति रणनीतियाँ पर्याप्त परिवर्तन के दौर से गुजरी हैं। आपके विचार में यह क्यों आवश्यक था ? यह भी बताइए कि आप किस प्रकार समावेशन को नियमित कक्षाओं में अधिसंख्य बच्चों के साथ व्यवहारार्थ अधिक उपयुक्त उपागम मानते हैं। उपयुक्त उदाहरणों द्वारा अपने मत की पुष्टि कीजिए।

5. (a) The following table gives the marks obtained by 40 students on a language test, the maximum marks being 50.

| Marks Obtained | No. of students |
|---|---|
| 45-49 | 2 |
| 40-44 | 4 |
| 35-39 | 6 |
| 30-34 | 9 |
| 25-29 | 8 |
| 20-24 | 5 |
| 15-19 | 4 |
| 10-14 | 2 |

Compute an appropriate measure of central tendency and variability. Justify your choice of the measure.

(b) Identify positive and negative skewness in the two curves given below.




Comment on class performance and nature of the question paper with reference to the skewness visible in the two curves. (8+7)

**OR**

(a) How is formative evaluation different from summative evaluation ? Which of the two, in your opinion, is a better approach to valuation ? Justify your answer.

(b) Differentiate between norm referenced and criterion referenced testing. Discuss situations under which each of the two would be suitable ?


(c) Write an analytical note on reliability and validity of a measuring tool. (5+5+5)

(क) निम्नलिखित तालिका में भाषा परीक्षण पर 40 छात्रों के प्राप्तांक दिए गए है। अधिकतम अंक 50 थे।

| प्राप्तांक | छात्रों की संख्या |
|---|---|
| 45-49 | 2 |
| 40-44 | 4 |
| 35-39 | 6 |
| 30-34 | 9 |
| 25-29 | 8 |
| 20-24 | 5 |
| 15-19 | 4 |
| 10-14 | 2 |

केन्द्रीय प्रवृत्ति और परिवर्तनशीलता के उपयुक्त माप का अभिकलन कीजिए। अपने द्वारा चुने गए माप का औचित्य बताइए।

(ख) नीचे दिए गए दो वक्रों में धनात्मक और ऋणात्मक वैषम्य अभिनिर्धारित कीजिए :




दोनों वक्रों में दिखाई देने वाले वैषम्य के संदर्भ में कक्षा-निष्पादन और प्रश्नपत्र के स्वरूप पर टिप्पणी कीजिए ।

अथवा

(क) निर्माणात्मक मूल्यांकन संकलनात्मक मूल्यांकन से किस प्रकार भिन्न है ? आपकी राय में दोनों में से कौन सा उपागम मूल्यांकन के लिए बेहतर है ? अपने उत्तर का औचित्य सिद्ध कीजिए ।

(ख) मानक संदर्भित और निकष संदर्भित परीक्षण में विभेद कीजिए । उन स्थितियों का विवेचन कीजिए जिनमें दोनों में से प्रत्येक उपयुक्त होगा ।

(ग) मापन उपकरण की वैधता और विश्वसनीयता पर समीक्षात्मक टिप्पणी लिखिए ।

(100)****